पंजाब केसरी
SAT,11 APRIL 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 4

एथलैटिक्स मीट के विजेता खिलाड़ी सम्मानित

एथलैटिक्स मीट के विजेता खिलाड़ी।

जींद, 10 अप्रैल (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 12 मार्च को आयोजित यूटीडी एथलैटिक मीट के विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

यह सम्मान समारोह विश्वविद्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम का सफल आयोजन कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी तथा कुलसचिव डॉ. सीमा गुप्ता के निरंतर सहयोग से संभव हो सका, जिसके लिए सभी ने उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के चेयरपर्सन प्रो. कुलदीप नारा ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने अपने संबोधन में खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी विकसित करता है।

उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करते रहने, लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान यूटीडी स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ. अतुल सहारण ने विभाग द्वारा खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि विभाग समय-समय पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर जारी रहेंगे।

इस अवसर पर महिला वर्ग में मिस पूजा तथा पुरुष वर्ग में मिस्टर संजय को बेस्ट एथलीट का खिताब देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह विशेष रूप से गर्व की बात रही कि दोनों ही खिलाड़ी शारीरिक शिक्षा विभाग से संबंधित हैं, जो विभाग की उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था को दर्शाता है। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली मंच संचालन डॉ. प्रवीन कुमार द्वारा किया गया।

वहीं डॉ. रोहित ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को निरंतर प्रयासरत रहने, असफलताओं से सीख लेने और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर डॉ. प्रवीण गहलावत, डॉ. नवीन लाडवाल, डॉ. सुनीति, डॉ. जितेंद्र तथा योग विभाग से संजय (लिपिक) सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jind - 11 Apr 2026 - Page 4

एथलेटिक मीट में पुरुष वर्ग में संजय बने विजेता

- खेल मानसिक दृढ़ता व टीम भावना को करता है विकसित: नारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 12 मार्च को आयोजित यूटीडी एथलेटिक मीट के विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह विश्वविद्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम का सफल आयोजन कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी तथा कुलसचिव डा. सीमा गुप्ता के निरंतर सहयोग से संभव हो सका। जिसके लिए सभी ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के चेयरपर्सन प्रो. कुलदीप नारा ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक सशक्तिकरण का माध्यम है बल्कि यह मानसिक दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी विकसित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करते रहने, लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

जींद। एथलेटिक मीट के विजेता खिलाड़ी कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

विजेता सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान यूटीडी स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डा. अतुल सहारण ने बताया कि विभाग समय-समय पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर महिला वर्ग में पूजा तथा पुरुष वर्ग में संजय को बेस्ट एथलीट का खिताब देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. प्रवीण गहलावत, डा. नवीन लाडवाल, डा. सुनीति, डा. जितेंद्र तथा योग विभाग से संजय सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 11-04-2026

महिला वर्ग में पूजा, पुरुष वर्ग में संजय को बेस्ट एथलीट अवॉर्ड

जींद| सीआरएसयू के वीसी प्रो. राम पाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा यूटीडी एथलेटिक मीट के विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग के चेयरपर्सन प्रो. कुलदीप नारा ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सशक्तीकरण का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी विकसित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करते रहने, लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान यूटीडी स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ. अतुल सहारण ने विभाग द्वारा खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विभाग समय-समय पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर जारी रहेंगे।